# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ़

अरण्य भवन, मेडिकल कालेज रोड, रायपुर
(शाखा – अनुवीक्षण/मूल्यांकन)
दूरभाष: 0771–2886425 ई मेल–ccfmecg@yahoo.in

क्रमांक/अनु./मूल्यांकन/353 रायपुर, दिनांक 22/08/2014

प्रति,

1.समस्त मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय)
2.समस्त वनमंडलाधिकारी (क्षेत्रीय)
3.वनमंडलाधिकारी(अनु.एवं विस्तार) जगदलपुर वनमंडल
छत्तीसगढ़ रायपुर

विषयः– वृक्षारोपण की मॉनिटरिंग जी.आई.एस. पद्धति से करने बाबत्।

संदर्भः– 1. छ.ग. शासन वनमंडल के आदेश कमांक एफ 2–7/2013/10–2/बजट दिनांक 18.02.2014
2.कार्यालयीन पत्र कमांक अनु./मूल्यांकन/119 दिनांक 25.03.2014.
3.वनसंरक्षक, वन प्रबंधन सूचना प्रणाली का पत्र कमांक FMIS/अनु.मूल्यां./कैम्पा/GIS/01/2014/961 दिनांक 08.08.2014.

—0—

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र कमांक (1) के निर्देशानुसार वन विभाग द्वारा संचालित समस्त वृक्षारोपण कार्य एवं उससे संबंधित कार्य के अभिलेखन अनु./मूल्यांकन हेतु जी.आई.एस. पद्धति का उपयोग तत्काल प्रभाव से किया जाना है। तद्नुसार संदर्भित पत्र कमांक (2) द्वारा आप सभी को निर्देशित किया गया था कि वर्ष 2014 में किये जाने वाले समस्त योजनाओं के वृक्षारोपणों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय को प्रस्तुत किये जाए। अभी तक समस्त क्षेत्रीय वनमंडलाधिकारियों से क्षेत्र तैयारी कार्य तथा अन्य विवरण इस कार्यालय को प्राप्त हो चुका है। जिससे FMIS डिवीजन रायपुर को भेजकर वृक्षारोपण पोर्टल में प्रदर्शित किया गया है तथा FMIS डिवीजन वन प्रबंधन सूचना प्रणाली रायपुर द्वारा एक एप्लीकेशन तैयार किया गया है, जो कि www.fmisonline.org में Host किया गया है तथा www.fmisonline.org/Intranet/Plantation Monitoring through GIS पर क्लिक कर देखा जा सकता है। आपके द्वारा पूर्व में प्रेषित जानकारी के अतिरिक्त वन संरक्षक वन प्रबंधन सूचना प्रणाली रायपुर के संदर्भित पत्र कमांक (3) के अनुसार जानकारी हेतु वृक्षारोपणों का विवरण और विस्तार रूप से प्रेषित करने बाबत् निम्न प्रपत्र प्रस्तावित किया गया हैः–

| क. | वनमंडल का नाम | परिक्षेत्र का नाम | योजना का नाम | वृक्षारोपण स्थल का नाम | कम्पार्टमेंट कमांक/नारंगी क्षेत्र का नाम | रोपण का क्षेत्रफल (हे. में) | वृक्षारोपण तैयारी वर्ष | रोपण वर्ष | रोपित पौधों की प्रजाति | | कुल रोपित पौधे |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | प्रजाति | संख्या | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |

...0/c.

0240

| लागत राशि वर्षवार (लाख में) | | | | | | | वृक्षारोपण मानिटरिंग का विवरण | | | | अपलोड जी.पी.एस. कोआर्डिनेट (inKML file) | अपलोड फोटोग्राफ (04 फोटोग्राफ) | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1st Year | 2nd year | 3rd Year | 4th Year | 5th Year | 6th Year | 7th Year | नाम | पद | मानिटरिंग दिनांक | जीवित पौधों का प्रतिशत | | | |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |

## उपरोक्त प्रविष्टियों को भरे जाने के संबंध में दिशा निर्देश निम्नानुसार है:—

1. वनमण्डल का नाम में वनमण्डल के नाम की एण्ट्री की जायेगी।

2.परिक्षेत्र का नाम में परिक्षेत्र के नाम की एण्ट्री की जायेगी।

3.योजना का नाम में वृक्षारोपण किस योजना के तहत हो रहा है कि एंट्री की जायेगी।

4.वृक्षारोपण स्थल का नाम में वृक्षारोपण किस स्थल में हो रहा है के संबंध में विवरण दिया जाना है। इसके लिए निकटस्थ ग्राम का नाम या वह नाम जिससे उस स्थल को अंकित किया जा सके कि एंट्री की जा सकेगी।

5.वृक्षारोपण स्थल किस कंपार्टमेन्ट में हो रहा है उसका RF/PF विवरण सहित कम्पार्टमेन्ट नम्बर दिया जाना है। अगर वृक्षारोपण नारंगी क्षेत्र में हो रहा है तो नारंगी क्षेत्र के विवरण सहित एंट्री की जायेगी।

6.रोपण का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) एंट्री की जायेगी।

7.वृक्षारोपण तैयारी वर्ष में भूमि की तैयारी का वर्ष तथा वृक्षारोपण वर्ष में वृक्षारोपण वर्ष का विवरण दिया जावेगा।

8.रोपित पौधों कि प्रजाति में रोपित पौधों कि प्रजाति जैसे (सागोन/बांस/आंवला/मिश्रित) कि एंट्री की जायेगी।

9.कुल रोपित पौधे में कुल रोपित पौधे कि संख्या कि एंट्री की जावेगी।

10.लागत राशि में वृक्षारोपण के कुल लागत राशि कि वर्ष वार एंट्री की जावेगी।

11.वृक्षारोपण मॉनिटरिंग के विवरण में मॉनिटरिंग अधिकारी का नाम, पद नाम एवं मॉनिटरिंग दिनांक तथा उनके द्वारा गणना किये गये जीवित पौधों के प्रतिशत की एंट्री की जायेगी।

12.अपलोड जी.पी.एस. कोआर्डिनेट (in KML file) के अन्तर्गत एक बटन दिखाई देगा जिसको Click कर वृक्षारोपण बाउण्ड्री के जी.पी.एस. ट्रैक के KML file को upload किया जावेगा तथा इसे गुगल अर्थ से टैग किया जा सकता है और वृक्षारोपण स्थल को गुगल अर्थ पर देखा जा सकता है।

13.अपलोड फोटोग्राफ अन्तर्गत एक बटन दिखाई देगा जिसको Click कर वृक्षारोपण की फोटोग्राफ को अपलोड किया जा सकता है। वृक्षारोपण स्थल के कम से कम 4 फोटोग्राफ को अपलोड किया जाना है। छायाचित्र माह अक्टूबर में लिया जावेगा। इन फोटोग्राफ को ऑनलाईन देखा जा सकता है। फोटोग्राफ 4 ऐसे प्रतिनिधित्व स्थलों से लिया जावेगा जिससे कि पूरे क्षेत्र की स्थिति का ज्ञान हो सके। फोटो GPS के कैमरा अथवा ऐसे कैमरा से लिया जायेगा जिसमें Geo Tag की सुविधा उपलब्ध हो ताकि फोटोग्राफ से स्थल के कोऑर्डिनेट की भी जानकारी प्राप्त हो सके। फोटोग्राफ पर फोटो लेने के दिनांक को भी अंकित किया जावे। फोटोग्राफ परिक्षेत्राधिकारी द्वारा अच्छे कैमरे से लिया जावेगा जिसे वो वनमण्डल कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। वनमण्डलाधिकारी फोटोग्राफ के सॉफ्ट कॉपी को एफ.एम.आई.एस. डिवीजन रायपुर में भेजें जिसे पोर्टल में प्रदर्शित किया जावेगा।

उपरोक्त जानकारी के अतिरिक्त वृक्षारोपण क्षेत्र के नक्शा 1:15,000 स्केल पर बनाया जावे, जिसमें सभी मुख्य बिन्दु जैसे वृक्षारोपण सीमा रेखा, विभिन्न उपचारित क्षेत्रों एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं को दर्शाया जाए। सभी वनमण्डलों में 1:15,000 स्केल पर कम्पार्टमेंट मैप उपलब्ध है जिस पर वृक्षारोपण का नक्शा एवं उपचार मानचित्र तैयार कराया जा सकता है। वृक्षारोपण नक्शे के साथ यदि वृक्षारोपण क्षेत्र का कक्ष इतिहास उपलब्ध हो तो उसे भी अपलोड किया जाना है। वृक्षारोपण नक्शे एवं कक्ष इतिहास को JPG Format में एफ.एम.आई.एस. में प्रस्तुत किया जावेगा जिसे PDF Format में एफ.एम.आई.एस. द्वारा upload किया जावेगा।

उपरोक्त प्रपत्र में वर्ष 2014 में सभी योजनाओं में संपन्न कराये गये वृक्षारोपणों की जानकारी परिक्षेत्र स्तर पर संकलन कर वनमण्डल स्तरीय टीम को उपलब्ध करायेगी। उक्त जानकारी का परीक्षण तथा संकलन कर वनमण्डल स्तर पर कराये जाने के पश्चात् जानकारी एफ.एम.आई.एस. को उपलब्ध करायी जाएगी जिसे एफ.एम.आई.एस. वनमण्डल द्वारा वेब पोर्टल में अपलोड किया जावेगा। पश्चावर्ति वर्षो में प्रत्येक वर्ष वृक्षारोपण क्षेत्र का 4–5 फोटोग्राफ पोर्टल में अपलोड किया जावेगा।

इस Online Application के संबंध में वनमण्डलाधिकारियों का मुख्यालय प्रपत्र में जानकारी प्रविष्ठ कर प्रस्तुत करने के साथ वृक्षारोपणों का बाउण्ड्री जी.पी.एस. से प्राप्त कर KML file के रूप में प्रविष्ट करना है जिससे कि वृक्षारोपण क्षेत्र के गुगल अर्थ से टैग कर देखा जा सकता है। इसी प्रकार वृक्षारोपणों के फोटोग्राफ्स को भी इस Application के माध्यम से Upload किया जाना है।

अतः वनमण्डलाधिकारियों से यह अपेक्षा है कि वे उपरोक्त प्रपत्र में जानकारी अंकित कर 2014 में किये गये वृक्षारोपण की जानकारी, फोटोग्राफ्स, वृक्षारोपण नक्शें तथा कक्ष इतिहास की Scaned कापी, वृक्षारोपण बाउण्ड्री का KML File हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी में एफ.एम.आई.एस. को प्रदाय करें, ताकि एफ.एम.आई.एस. वनमण्डल द्वारा इनके ऑनलाईन प्रविष्ठि की कार्यवाही की जा सके।

(242)

अतः समस्त वृत्तों एवं वनमंडल को वन प्रबंधन सूचना प्रणाली कार्यालय के Online पोर्टल में प्रविष्ठि हेतु वृक्षारोपण से संबंधित जानकारी उपरोक्त प्रपत्र में सीधे वन संरक्षक वन प्रबंधन सूचना प्रणाली रायपुर को भेजते हुए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनु./मूल्यांकन) को सूचित किया जावे।

21/8/14
**प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
**छत्तीसगढ़, रायपुर**

पृ.क्रमांक/अनु./मूल्यांकन/354 रायपुर, दिनांक 22/08/2014

**प्रतिलिपि :—**

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास/योजना), छ.ग. रायपुर ।
2. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा), छ.ग. रायपुर।
3. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (आई.टी.), छ.ग. रायपुर।
4. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी), छ.ग. रायपुर।
5. मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान/विस्तार), छ.ग. रायपुर।
6. वन संरक्षक, एफ.एम.आई.एस. डिवीजन, छ.ग. रायपुर के पत्र क्र. 864 दिनांक 21.07.2014 के तारतम्य में सूचनार्थ।

21/8/14
**प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
**छत्तीसगढ़, रायपुर**